नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 06.08.2020**

- **पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत सर्वेक्षण में छूटे हुये पथ विकेताओं के पंजीकरण कराने के नगर आयुक्त महोदय ने दिये निर्देश।**

- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर में सहायक नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे की देख रेख में प्रर्वतन दल के माध्यम से अभियान चलाकर प्रतिबन्धित पालीथीन से निर्मित वस्तुओ को सीज करने तथा जुर्माना लगाने का कार्य किया गया।**

- **नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण विशेष अभियान चलाया अभियान रहा है। आज दिनांक 06.8.2020 को नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत चला विशेष सफाई अभियान। कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ साफ–सफाई एवं कूड़े निस्तारण का चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान।**

1. पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत सर्वेक्षण में छूटे हुये पथ विकेताओं के पंजीकरण कराने हेतु नगर आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिये गये। इस विषय में समस्त पथ विकेताओ को सूचित किया जाता है कि जिन पथ विकेताओ ने अभी तक जिला नगरीय विकास अभिकरण(डूडा) में पंजीकरण नही करवाया है, वे तत्काल पंजीकरण करा ले। पंजीकरण कराते समय आवेदक डूडा कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर उसके साथ आधार कार्ड,बैंक खाते का विवरण,,मतदाता पहचान पत्र की फोटो कॉपी एवं 02 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ नगर निगम के वाट्सएप नम्बर 7052150541, 7052152995, 7052152483, 7355338008 पर भेज दें, या नगर निगम की ईमेल आई.डी nagarnigamshajahanpur @gmail.com पर भेज सकते है। यदि पथ विकेता वाट्सएप पर आवेदन नही कर सकते है, तो वह नगर निगम कार्यालय या डूडा कार्यालय की पेटिका में आवेदन डाल सकते है।

2. नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र में सहायक नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे की देख रेख में प्रतिबन्धित पालीथीन से निर्मित वस्तुओ को सीज करने तथा जुर्माना लगाने का कार्य प्रर्वतन दल के माध्यम से अभियान चलाकर किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 06.08.2020 को रौजा क्षेत्र में 304 किलो पालीथीन सीज की गयी एंव 50 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया गया। इसके अतिरिक्त एक गाड़ी भी पकड़ी गयी, जिसमें 20 कुन्टल से अधिक पॉलीथीन होने की सम्भावना है।

3. नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान आज दिनांक 06.08.2020 को नगर के विभिन्न वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को वार्डवार पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है,जिनके द्वारा सुबह से ही सफाई कर्मचारियो के साथ अपने आवंटित मोहल्लो की सफाई करायी गयी। इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य रामनगर,गदियाना,सैनिक कालोनी,रेयान स्कूल, रेती, दलेलगंज, तारीन गाड़ीपुरा पब्लिक,महमंद जलालनगर स्कूल,तिलहरजई,मोहम्मदजई,गौहरपुरा,बाबूजई,कच्चा कटरा, चौभुर्जी, खिरनीबाग,नवोदय विद्यालय,कचहरी, मंत्री जी वाली गली,सुभाष नगर,इन्द्रानगर, बृज बिहार कालोनी,बहादुरगंज,तारीन बहादुरगंज,पावर हाउस,चमकनी,बी0एस0 पब्लिक,पॉलिटेक्निक कालेज,चार खम्बा,किला रैन बसेरा,आदि में कराया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्म्त एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है।

Generated by CamScanner

नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु ,शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु,खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया।नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया कि शहर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक नाले/नालियों की सफाई कार्ययोजना के अनुसार सुनिश्चित करें। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा जनता से अपील की है कि नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करे, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु। इस अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 06.08.2020 को **निसरजई,बहादुरपुरा,मोहम्मदजई,ख्वाजा फिरोज,गढ़ी गाड़ीपुरा** में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 06.08.2020 को अभियान के जलापूर्ति की पाइपो के लीकेज की समस्या तत्काल दूर की जा रही है। ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा है।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर

Generated by CamScanner